>

Title: Need to construct Chandigarh-Baddi-Barotiwala broad-gauge railway line for the industrial development of Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि 14 दिसम्बर 2008 को ऊना से नई दिल्ली के लिए जन शताब्दी शुरु की गई है, उसके लिए इस सदन के माध्यम से मैं आपका धन्यवाद करना चाहूंगा और इसके साथ-साथ इस पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए वर्ष 2003 में केन्द्र सरकार ने औद्योगिक पैकेज दिया था ताकि इस प्रदेश में उद्योग लग सकें और केन्द्र सरकार द्वारा इसी के द्वारा हिमाचल प्रदेश में बहुत सारे उद्योग लगे, प्रदेश की सरकार ने भूमि भी उपलब्ध करवाई, बिजली भी सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाई लेकिन आज वहां पर रेल मार्ग की कमी है। हमने पहले भी आग्रह किया था कि बद्दी-बरौटीवाला को रेलवे लाइन द्वारा जोड़ा जाए और आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने और रेल मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि जल्दी ही इसी वर्ष इस पर काम शुरु किया जाएगा लेकिन दुर्भाग्यवश वह काम शुरु नहीं हो पाया। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से और प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि जल्दी से जल्दी बद्दी-बरौटीवाला रेलवे लाइन पर काम शुरु हो ताकि इस पर्वतीय राज्य के एक और क्षेत्र को रेलवे लाइन से जोड़ा जा सके। यह मेरा आपसे आग्रह है। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Thank you. I compliment you. Well, you have raised it very well.